जब तक सूरज चाँद चांदनी रहे

जब तक सूरज चाँद चांदनी रहे,
मेरे सजना तेरी जिंदगानी रहे
मैया ओ मेरी मैया

मांग अपने सिंदूर सजा कर आई हु माँ मैं तेरे द्वार पर
दुःख रहे न कभी सुख मिल जाए सभी
बिंदिया मेरी ही सदा निशानी रहे
मैया ओ मेरी मैया

मेरे जीवन की डूबे न नैया,
थाम लो हाथ तुम हो खैवैयाँ,
कर दो भव से माँ पार मेरा जीवन सवार
तेरी बेटी पे माँ मेहरबानी रहे
मैया ओ मेरी मैया

साथ जन्मो का हो ये माँ बंधन
मेहके जीवन भर बन के ये चन्दन,
मेरी सुन लो पुकार पूनम को दो माँ प्यार
राजू लिखता माँ तेरी कहानी रहे
मैया ओ मेरी मैया

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/18960/title/jab-tak-suraj-chand-chandani-rahe

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |